रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 293] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 7, 2015/वैशाख 17, 1937
No. 293] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 7, 2015 /VAISAKHA 17, 1937

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 मई, 2015

सा.का.नि. 368(अ).—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) नियम, 2006 का उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या किए जाने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् : —

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :-

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) नियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं:- इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(i) "आयोग" से संघ लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(ii) "नियंत्रक प्राधिकारी" से भारत सरकार का गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग अभिप्रेत है;

(iii) "कर्तव्य पद" से सेवा का ऐसा कोई पद अभिप्रेत है, चाहे वह स्थायी हो या अस्थायी हो और जो अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट है;

(iv) "सरकार" से भारत सरकार अभिप्रेत है;

(v) "श्रेणी" से सेवा की श्रेणी अभिप्रेत है;

(vi) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है

(vii) "अनुसूचित जाति" एवं "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत उसमें अभिप्रेत है जो संविधान के अनुच्छेद 366 की क्रमश: धारा (24) तथा (25) में उनके लिए वर्णित है;

(viii) "सेवा" से अभिप्रेत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) से है जो नियम 3 के तहत बनाई गई है;

(ix) किसी श्रेणी के संबंध में "नियमित सेवा" से सेवा की वह अवधि, जो उस श्रेणी में दीर्घकालिक नियुक्तियों के लिए इन नियमों के अनुसार चयन के पश्चात सेवा की गई हो और जिसके अंतर्गत ऐसी अवधि भी है जिसके दौरान किसी अधिकारी ने उस श्रेणी में कर्तव्य पद धारण किया होता, यदि वह छुट्टी पर न होता या अन्यथा ऐसे पद को धारण करने के लिए उपलब्ध न होता।

3. **केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) का गठन :** (1) केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) के नाम से ज्ञात एक सेवा का गठन किया जाएगा जिसमें नियम 6 और नियम 7 के अधीन सेवा में नियुक्त किए गए व्यक्ति होंगे।

(2) ये पद सचिवालयी पद होंगे।

(3) सेवा में सम्मिलित पदों का वर्गीकरण वह होगा जो अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट हैं।

4. श्रेणियां, प्राधिकृत संख्या और उनका पुनर्विलोकन : (1) सेवा की विभिन्न श्रेणियों में सम्मिलित कर्तव्य पद, उनकी संख्या और पे-बैंड वे होंगे जो अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट हैं।

(2) सेवा में सम्मिलित कर्तव्य पदों का विवरण और भागीदार मंत्रालयों या विभागों या संगठनों के नाम जिनमें ये पद विद्यमान हैं, अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(3) सरकार अनुसूची-2 में सम्मिलित पदों से भिन्न किसी पद को सेवा में सम्मिलित कर सकेगी या उक्त अनुसूचियों में सम्मिलित किसी पद को सेवा से निकाल सकेगी।

5. सेवा के सदस्य:- निम्नलिखित सेवा के सदस्य होंगे-

(क) ऐसा व्यक्ति जो नियम 6 के अधीन कर्तव्य पद पर नियुक्त किया गया है।

(ख) ऐसा व्यक्ति जो नियम 7 के अधीन कर्तव्य पद पर नियुक्त किया गया है।

6. सेवा का आरंभिक गठन :- (1) इन नियमों के प्रारंभ की तारीख को केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) अपनी-अपनी श्रेणियों में पद धारण करने वाला व्यक्ति।

(2) इन नियमों के प्रारंभ से पूर्व उप-नियम (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति की नियमित निरंतर सेवा को परिवीक्षा, प्रोन्नति, पुष्टि और पेंशन के लिए अर्हक सेवा के प्रयोजन के लिए गणना में लिया जाएगा।

(3) उस सीमा जिस तक नियंत्रक अधिकारी इस नियम के उपबंधों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में प्राधिकृत रिक्तियों की संख्या को भरने में समर्थ नहीं है तो उन्हें नियम 7 के उपबंधों के अनुसार भरा जाएगा।

7. सेवा का भावी अनुरक्षण:- (1) नियम 6 के अधीन सेवा के आरंभिक गठन के पश्चात अनुसूची-1 और अनुसूची-2 में निर्दिष्ट किसी श्रेणी में उद्भूत होने वाली किसी रिक्ति को इस नियम में विनिर्दिष्ट रीति से भरा जाएगा।

(2) भर्ती की पद्धति, चयन का क्षेत्र, अगली अवर श्रेणी में न्यूनतम अर्हक सेवा और सेवा की विभिन्न श्रेणियों में नियुक्ति के लिए अन्य पात्रता की शर्तें वे होंगी जो अनुसूची-3 में विनिर्दिष्ट हैं।

(3) प्रोन्नति द्वारा विभिन्न श्रेणियो में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की उपयुक्तता नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा गठित विभागीय प्रोन्नति समितियों द्वारा अनुसूची-4 में विनिर्दिष्ट रीति में अवधारित की जाएगी।

(4) सेवा की श्रेणी-4 (सहायक निदेशक) तथा श्रेणी-6 (कनिष्ठ अनुवादक) में सीधे भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं, अनुभव और आयु-सीमा वह होंगी जो क्रमश: अनुसूची-5 एवं अनुसूची-7 में विनिर्दिष्ट हैं।

8. ज्येष्ठता : (1) सेवा में भर्ती किए गए व्यक्तियों की ज्येष्ठता सरकार द्वारा समय-समय पर उस विषय में जारी किए गए साधारण अनुदेशों के अनुसार अवधारित की जाएगी।

(2) ऐसे मामलों में, जो उप-नियम (1) के अंतर्गत नहीं आते हैं, ज्येष्ठता का अवधारण सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया जाएगा।

9. परिवीक्षा:- (1) कोई भी व्यक्ति सीधे कनिष्ठ अनुवादक की श्रेणी में सीधी भर्ती द्वारा या सहायक निदेशक के पद पर सीधी भर्ती या वरिष्ठ अनुवादक की श्रेणी से प्रोन्नति द्वारा भर्ती होता है तो ऐसा प्रत्येक व्यक्ति क्रमश: दो वर्ष की अवधि तथा एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा।

परंतु नियंत्रक प्राधिकारी परिवीक्षा की अवधि को सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार बढ़ा सकेगा :

परंतु यह भी है कि परिवीक्षा की अवधि बढ़ाये जाने के लिए कोई विनिश्चय परिवीक्षा की पूर्व अवधि की समाप्ति के पश्चात आठ सप्ताह के भीतर किया जाएगा और ऐसा करने के कारणों सहित संबंधित अधिकारी को उपर्युक्त अवधि के भीतर लिखित रूप में संसूचित किया जाएगा।

(2) परिवीक्षा की अवधि या उसके किसी विस्तारण के पूरा होने पर अधिकारी को स्थाई नियुक्ति के लिए सरकार के वर्तमान आदेशों के निबंधनों के अनुसार पुष्टि होने पर विचार किया जाएगा।

(3) यदि यथास्थिति,परिवीक्षा की अवधि या उसके किसी विस्तारण के दौरान, सरकार की यह राय है कि अधिकारी पुष्टि के लिए उपयुक्त नहीं है तो वह यथास्थिति उस अधिकारी को पद से निर्मुक्त कर सकेगा या सेवा में उसकी नियुक्ति से पूर्व उसके द्वारा धारित पद पर प्रतिवर्तित कर सकेगा या ऐसे अन्य आदेश पारित कर सकेगा जिन्हें वह ठीक समझे।

(4) परिवीक्षा की अवधि या उसके किसी विस्तारण के दौरान, सरकार द्वारा उस अधिकारी से अपेक्षा की जा सकेगी कि वह परीवीक्षा के संतोषजनक रूप से पूरा होने के लिए शर्त के रूप में ऐसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करे या ऐसी परीक्षाएं और परीक्षण उत्तीर्ण करे जिन्हें वह ठीक समझे।

(5) परिवीक्षा से संबंधित अन्य विषयों के संबंध में, सेवा के सदस्य सरकार द्वारा इस संबध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों या अनुदेशों द्वारा शासित होंगे।

10. सेवा में नियुक्ति:- सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों, विभागों और संलग्न कार्यालयों में सभी पदों के लिए सेवा के सभी सदस्यों की नियुक्तियां नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी।

11. भारत के किसी भी भाग में सेवा करने का दायित्व:- सेवा का सदस्य भारत में कहीं भी सेवा करने का दायी होगा।

12. निरर्हता:- वह व्यक्ति,-

(**क**) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(**ख**) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

13. शिथिल करने की शक्ति:- जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

14. व्यावृत्ति:- इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

15. व्याख्या:- इन नियमों के किसी प्रावधान या उनके तहत बनाए गए विनियमों की व्याख्या में कोई संदेह होता है तो निर्णय के लिए वह मामला कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को भेज दिया जाएगा।

16. केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम,1965 के नियम 12 के अधीन शक्ति:- (1) सेवा के समूह "क" एवं "ख" अधिकारियों के संबंध में केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम,1965 के नियम 12 के अधीन शक्तियों का प्रयोग सेवा की अनुसूची-2 में यथा विनिर्दिष्ट भाग लेने वाले अपने-अपने एककों द्वारा किया जाएगा।

17. **अवशिष्ट मामले:-** ऐसे मामले जिनके लिए इन नियमों में कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं किया गया है उनके संबंध में सेवा करने वाले सदस्यों पर सामान्य तौर में अन्य सिविल सेवाओं पर लागू नियम लागू होंगे।

अनुसूची-1

[नियम 2(iii), 3(3), 4(1) और 7(1) देखिए]

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पदों) की विभिन्न श्रेणियों में सम्मिलित कर्तव्य पदों की श्रेणी, नाम, संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान

क्र.सं.	पद का नाम	पदों की संख्या *	वर्गीकरण	पे बैंड तथा ग्रेड पे/वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	श्रेणी 1 (निदेशक)	18	समूह 'क' राजपत्रित	पे बैंड 4, रु.37,400-67,000 तथा ग्रेड पे रु. 8,700
2.	श्रेणी 2 (संयुक्त निदेशक)	36	समूह 'क' राजपत्रित	पे बैंड 3, रु.15,600-39,100. तथा ग्रेड पे रु. 7,600.
3.	श्रेणी 3 (उप निदेशक)	86	समूह 'क' राजपत्रित	पे बैंड 3, रु.15,600-39,100 तथा ग्रेड पे रु. 6,600
4.	श्रेणी 4 (सहायक निदेशक)	204	समूह 'क' राजपत्रित	पे बैंड 3, रु.15,600-39,100. तथा ग्रेड पे रु. 5,400
5.	श्रेणी 5 (वरिष्ठ अनुवादक)	320	समूह 'ख' अराजपत्रित	पे बैंड 2, रु. 9,300-34,800 तथा ग्रेड पे रू.4,600
6.	श्रेणी 6 (कनिष्ठ अनुवादक)	347	समूह 'ख' अराजपत्रित	पे बैंड 2, रु. 9,300-34,800 तथा ग्रेड पे रु. 4,200

*कार्य की अधिकता पर निर्भर करते हुए पदों में कमी-बेसी के अधीन।

अनुसूची-2

केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा समूह'क' और समूह- 'ख' पद) में सम्मिलित कर्तव्य पदों का ब्यौरा और सेवा में भाग लेने वाले उन मंत्रालयों/विभागों और संलग्न कार्यालयों के नाम जिनमें यह पद हैं, नाम दर्शित करने वाला विवरण।

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग	निदेशक	संयुक्त निदेशक	उप-निदेशक	सहायक निदेशक	वरिष्ठ अनुवादक	कनिष्ठ अनुवादक
1. कृषि मंत्रालय							
1.	कृषि एवं सहकारिता विभाग	1	-	2	4	5	8
2.	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग	-	-	-	1	1	-
3.	कृषि लागत एवं मूल्य आयोग	-	-	-	1	1	-
4.	पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग	-	-	1	1	1	3
5.	आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय	-	-	-	1	1	2
6.	विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, फरीदाबाद	-	-	1	1	1	1
7.	विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, नागपुर	-	-	-	1	1	1
8.	पौध संरक्षण क्योरिटाईन तथा भंडारण निदेशालय, फरीदाबाद	-	-	1	1	1	1
2. रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय							
9.	रसायन एवं पैट्रो रसायन विभाग	-	1	-	1	2	1
10.	उर्वरक विभाग	-	-	2	2	3	1
11.	उर्वरक उद्योग सह-समन्वय समिति	-	-	-	-	1	-
12.	फार्मास्यूटिकल्स विभाग	-	-	1	2	2	3
13.	राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण फार्मास्यूटिकल्स प्राधिकरण	-	-	-	-	1	-

3. नागर विमानन मंत्रालय							
14.	नागर विमानन मंत्रालय	1	-	1	2	2	2
15.	नागर विमानन महानिदेशालय	-	1	-	3	3	1
16.	नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो	-	-	-	1	1	1
4. कोयला मंत्रालय							
17.	कोयला मंत्रालय	-	1	-	1	2	1
5. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय							
18.	वाणिज्य विभाग	1	-	2	2	3	5
19.	औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग	-	1	-	2	4	5
20.	विदेश व्यापार महानिदेशालय	-	-	1	2	5	2
21.	नमक आयुक्त का कार्यालय, जयपुर	-	-	-	-	2	-
22.	आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय	-	-	1	2	4	3
23.	आपूर्ति विभाग	-	-	1	-	2	2
24.	आर्थिक सलाहकार कार्यालय	-	-	-	-	-	1
6. संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय							
25.	दूरसंचार विभाग	1	-	2	2	10	6
26.	डाक विभाग	1	-	2	2	5	3
7. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय							
27.	उपभोक्ता मामले विभाग	-	1	-	1	3	1
28.	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग	-	-	2	2	2	3
29.	शर्करा एवं वनस्पति तेल निदेशालय	-	-	-	1	-	1
8. कारपोरेट कार्य मंत्रालय							
30.	कारपोरेट कार्य मंत्रालय	-	1	-	2	1	3
9. संस्कृति मंत्रालय							
31.	संस्कृति मंत्रालय	1	-	2	2	3	1
32.	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	-	1	-	1	2	-
33.	राष्ट्रीय अभिलेखागार	-	-	-	1	1	-
10. रक्षा मंत्रालय							
34.	रक्षा मंत्रालय (पी)	1	-	2	3	6	4
35.	रक्षा मंत्रालय (उत्पादन)	-	1	-	1	1	2
36.	रक्षा मंत्रालय (वित्त)	-	-	1	1	2	2
11.पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय							
37.	पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय	-	-	1	1	1	1
12. पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय							
38.	पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय	-	-	-	1	2	1
13. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय							
39.	**पृथ्वी और विज्ञान मंत्रालय**	--	1	--	1	2	1
14. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय							
40.	पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	1	--	2	2	2	4
41.	राष्ट्रीय वानिकी एवं परिस्थिकी विकास बोर्ड	--	--	--	--	1	2

42.	राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय	--	--	--	1	1	1
	15. विदेश मंत्रालय						
43.	विदेश मंत्रालय	--	--	2	3	6	1
	16. **वित्त मंत्रालय**						
44.	आर्थिक कार्य विभाग	1	--	2	5	7	5
45.	वित्तीय सेवा विभाग	--	1	--	2	3	5
46.	व्यय विभाग	--	--	1	3	5	3
47.	राजस्व विभाग	1	--	2	4	11	5
48.	विनिवेश विभाग	--	--	--	1	1	1
49.	प्रवर्तन निदेशालय	--	--	--	1	1	--
	17. **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय**						
50.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	--	--	1	1	1	1
	18. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय						
51.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	1	--	2	2	5	3
52.	एड्स नियंत्रण विभाग	--	--	1	1	1	1
53.	स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय	--	1	--	1	3	2
54.	आयुष विभाग	--	1	--	1	1	1
	19. **भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय**						
55.	भारी उद्योग विभाग	--	--	1	1	2	2
56.	लोक उद्यम विभाग	--	--	1	1	2	1
	20. गृह मंत्रालय						
57.	गृह मंत्रालय	1	--	2	6	12	5
58.	राजभाषा विभाग	1	--	2	4	3	1
59.	नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो	--	--	1	1	2	1
60.	केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महानिदेशालय	--	--	1	1	1	3
61.	राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो	--	--	--	1	1	1
62.	भारत के महापंजीयक का कार्यालय	--	1	--	2	4	1
63.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण	--	--	--	1	1	--
	21. **मानव संसाधन विकास मंत्रालय**						
64.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	1	--	2	4	7	9
	22. **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**						
65.	सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय	1	--	1	2	2	2
66.	महानिदेशालय- आल इंडिया रेडियो	--	1	--	1	2	2
67.	महानिदेशालय- दूरदर्शन	--	1	--	1	2	2
68.	प्रकाशन प्रभाग	--	--	1	1	2	2
69.	श्रव्य-दृश्य प्रचार निदेशालय	--	--	1	1	2	4
70.	प्रेस सूचना ब्यूरो	--	--	1	2	2	2
71.	भारत के समाचारपत्र पंजीयक का कार्यालय	--	--	--	1	1	1
72.	फिल्म फेस्टिवल निदेशालय	--	--	--	--	--	1

23. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय							
73.	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	--	1	--	2	3	5
74.	रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय	--	--	1	1	2	3
75.	मुख्य श्रम आयुक्त का कार्यालय	--	--	1	1	1	1
76.	श्रम ब्यूरो, शिमला	--	--	--	1	1	1
77.	श्रम ब्यूरो, चंडीगढ़	--	--	--	--	--	1
78.	महानिदेशालय कारखाना सलाह एवं श्रम सेवा संस्थान (मुंबई)	--	--	--	1	1	--
24. विधि एवं न्याय मंत्रालय							
79.	विधायी विभाग	--	1	--	2	1	2
80.	विधि कार्य विभाग	--	--	2	2	2	4
81.	न्याय विभाग	--	--	--	1	--	1
82.	खंडपीठ सचिवालय, विधायी कार्य, कोलकाता	--	--	--	--	--	1
25. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय							
83.	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय	--	1	--	1	2	2
84.	विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय	--	--	--	1	4	2
26. खान मंत्रालय							
85.	खान मंत्रालय	--	1	--	1	1	3
27. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय							
86.	अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय	--	1	--	1	1	3
87.	भाषायी अल्प संख्यक आयोग, इलाहाबाद	--	--	--	--	1	--
28. **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**							
88.	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	--	--	1	1	2	2
29. प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय							
89.	प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय	--	--	--	1	1	1
30. पंचायती राज मंत्रालय							
90.	पंचायती राज मंत्रालय	--	--	1	1	1	--

31. कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

91.	कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग	--	1	1	2	3	6
92.	प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग	--	--	1	1	1	1
93.	पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग	--	--	--	1	1	1
94.	सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान	--	--	1	1	1	1
95.	कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली	--	--	1	1	2	1
96.	कर्मचारी चयन आयोग, चेन्नई	--	--	--	--	--	1
97.	कर्मचारी चयन आयोग, कोलकाता	--	--	--	--	--	1
98.	कर्मचारी चयन आयोग, बंगलूरू	--	--	--	--	--	1

99.	कर्मचारी चयन आयोग, मुंबई	--	--	--	--	--	1
100.	कर्मचारी चयन आयोग, इलाहाबाद	--	--	--	--	--	1
101.	कर्मचारी चयन आयोग, गुवाहाटी	--	--	--	--	--	1
102	लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी	--	--	--	1	1	1
	32. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय						
103	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय	--	1	1	2	2	2
	33. विद्युत मंत्रालय						
104	विद्युत मंत्रालय	--	1	--	2	2	3
105	केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण	--	--	1	1	2	2
	34. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय						
106	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय	--	--	2	2	2	3
	35. ग्रामीण विकास मंत्रालय						
107	ग्रामीण विकास विभाग	--	1	--	3	4	3
108	भूमि संसाधन विभाग	--	--	1	1	1	2
	36. **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**						
109	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	--	1	--	1	2	2
110	वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग	--	--	1	1	2	--
111	बायोटेक्नालॉजी विभाग	--	--	1	1	1	2
	37. **नौवहन मंत्रालय**						
112	नौवहन मंत्रालय	--	1	--	1	2	1
113	नौवहन महानिदेशालय, मुंबई	--	1	--	2	1	4
	38. **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**						
114	कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय	--	--	--	1	---	1
	39. **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय**						
115	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	--	1	--	2	3	2
116	विकलांगता कार्य विभाग	--	--	1	--	1	1
	40. **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**						
117	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	--	--	2	3	6	5
118	केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, कोलकाता	--	--	--	1	1	--
119	कंप्यूटर केन्द्र	--	--	--	1	1	--
	41. **इस्पात मंत्रालय**						
120	इस्पात मंत्रालय	--	1	--	1	2	2

42. **वस्त्र मंत्रालय**							
121	वस्त्र मंत्रालय	--	1	--	1	2	2
122	हथकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय	--	--	--	1	1	7
123	हस्तशिल्प विकास आयुक्त का कार्यालय	--	--	1	1	1	2
43. पर्यटन मंत्रालय							
124	पर्यटन मंत्रालय	--	1	--	1	2	2
44. जनजातीय कार्य मंत्रालय							
125	जनजातीय कार्य मंत्रालय	--	1	--	1	1	2
45. शहरी विकास मंत्रालय							
126	शहरी विकास मंत्रालय	1	--	2	2	2	5
127	भूमि एवं विकास संगठन	--	--	--	1	1	--
128	महानिदेशालय, के.लो.नि.वि., नई दिल्ली	--	1	--	5	2	14
129	के.लो.नि.वि., आर.के. पुरम	--	--	--	--	1	--
130	के.लो.नि.वि., प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद	--	--	--	1	1	--
131	के.लो.नि.वि., अहमदाबाद	--	--	--	--	1	--
132	मुख्य इंजीनियर, के.लो.नि.वि., मुंबई	--	--	--	--	1	--
133	कार्यपालक इंजीनियर, के.लो.नि.वि., लखनऊ	--	--	--	--	1	--
134	मुख्य इंजीनियर, के.लो.नि.वि., कोलकाता	--	--	--	1	1	--
135	संपदा निदेशालय	--	--	1	1	2	2
136	मुद्रण निदेशालय	--	--	--	1	1	1
137	राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन	--	--	--	--	1	1
46. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय							
138	जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय	1	--	1	2	2	2
139	केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधान स्टेशन	--	--	--	1	1	--
47. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय							
140	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	--	1	--	2	2	2
48. युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय							
141	युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय	--	--	1	1	2	2
49. अन्य कार्यालय							
142	मंत्रिमंडल सचिवालय	--	--	1	1	2	2
143	प्रधानमंत्री कार्यालय	--	1	--	1	2	2

144	भारत का निर्वाचन आयोग	--	--	1	1	3	5
145	संघ लोक सेवा आयोग	1	--	2	4	5	4
146	योजना आयोग	--	1	--	2	4	2
147	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग	--	--	--	1	1	--
148	राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग	--	--	--	1	1	2
149	राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग	--	--	--	--	--	1
150	केन्द्रीय जल आयोग	--	--	1	1	4	3
151	प्रशुल्क आयोग	--	--	1	1	1	1
152	आसूचना ब्यूरो, नई दिल्ली	--	--	--	1	4	26
153	सहायक आसूचना ब्यूरो, पटना	--	--	--	1	1	--
154	सहायक आसूचना ब्यूरो, हैदराबाद	--	--	--	--	1	1
155	सहायक आसूचना ब्यूरो, त्रिवेन्द्रम	--	--	--	--	1	1
156	केन्द्रीय जांच ब्यूरो, नई दिल्ली	--	--	1	2	4	17
157	केन्द्रीय जांच ब्यूरो, मुंबई	--	--	--	--	--	2
158	केन्द्रीय जांच ब्यूरो, लखनऊ	--	--	--	1	1	--
159	सीमा सड़क विकास बोर्ड	--	--	--	--	1	1
160	भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण	--	--	--	--	--	1

अनुसूची-3

[नियम 7(2) देखिए]

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) में विभिन्न श्रेणियों में नियुक्ति के लिए भर्ती की पद्धति, प्रोन्नति के क्षेत्र, प्रतिनियुक्ति के लिए चयन के क्षेत्र को दर्शाने वाला विवरण।

क्र. सं.	पद का नाम	भर्ती की पद्धति	चयन की पद्धति	प्रोन्नति का क्षेत्र	प्रतिनियुक्ति के लिए चयन
1	श्रेणी-1 (निदेशक)	प्रोन्नति द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा	चयन	ऐसा संयुक्त निदेशक जिसने पे-बेंड 3, रू. 15,600-39,100 के साथ ग्रेड पे रू. 7600 में पांच वर्ष नियमित सेवा की हो, जिसके न हो सकने पर ऐसा संयुक्त निदेशक जिसने संयुक्त निदेशक पे बेंड 3, रू. 15,600-39,100 के साथ ग्रेड पे रू. 7600 और उप-निदेशक पे-बेंड 3, रू. 15,600-39,100 के साथ ग्रेड पे रू. 6600 की श्रेणियों में दस वर्ष की सम्मिलित नियमित सेवा की हो और संयुक्त निदेशक की श्रेणी में कम से कम तीन वर्ष	केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी- (क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में पे बेंड 3 में रू. 15,600-39,100. ग्रेड पे रू. 7600 के वेतनमान में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में पांच वर्ष की सेवा की हो और; (ख) जिनके पास अनुसूची 5 में यथा विनिर्दिष्ट सहायक निदेशक के पद पर सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक

				की नियमित सेवा की हो। नोट: पदोन्नति के लिए विचाराधीन अधिकारी को राजभाषा के सभी पहलुओं पर जैसा भी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा पदोन्नति के पहले/बाद में एक वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 6 सप्ताह का आवश्यक संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।	अर्हताएं और अनुभव हों तथा हिंदी में शब्दावली (शब्दावली संबंधी कार्य) प्रयोग या अनुप्रयोग तथा अंग्रेजी से हिंदी एवं विलोमत: अनुवाद का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो जिसमें तकनीकी एवं वैज्ञानिक साहित्य को वरियता दी जाएगी या हिंदी या अंग्रेजी में या विलोमत: अनुसंधान का 10 वर्ष का अनुभव हो।
2	श्रेणी-II (संयुक्त निदेशक)	पदोन्नति द्वारा	चयन	ऐसा उप–निदेशक जिसने पे बैंड 3, रू.15,600-39,100 के साथ ग्रेड पे रू. 6600 में उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की हो, जिसके न हो सकने पर ऐसा उप-निदेशक जिसने पे-बेंड-3, रू. 15,600-39,100 ग्रेड पे रू. 6600 में उप निदेशक और पे बैंड-3, रू. 15,600-39,100 के साथ ग्रेड पे रू. 5400 की श्रेणी में सहायक निदेशक की श्रेणी में 10 वर्ष की सम्मिलित नियमित सेवा की हो और उप निदेशक के पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो । नोट: पदोन्नति के लिए विचाराधीन अधिकारी को राजभाषा के सभी पहलुओं पर जैसा भी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा पदोन्नति के पहले/बाद में एक वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 6 सप्ताह का आवश्यक संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।	लागू नहीं
3	श्रेणी-3 (उप निदेशक)	प्रोन्नति द्वारा	चयन	ऐसा सहायक निदेशक जिसने उस श्रेणी में पे बैंड-3, रू. 15,600-39,100 वेतनमान के साथ ग्रेड पे रू. 5400 में 5 वर्ष नियमित सेवा की हो। नोट: पदोन्नति के लिए विचाराधीन अधिकारी को राजभाषा के सभी पहलुओं पर जैसा भी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा पदोन्नति के पहले/बाद में एक वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 6 सप्ताह का आवश्यक संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।	लागू नहीं
4	श्रेणी-4 (सहायक निदेशक)	75 प्रतिशित प्रोन्नति द्वारा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा	चयन	**पदोन्नति:-** ऐसा वरिष्ठ अनुवादक जिसने पे बैंड-2, में रू. 9,300-34,800 सहित रू. 4600 ग्रेड पे में इस	लागू नहीं

				श्रेणी में 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो । **नोट:** पदोन्नति के लिए विचाराधीन अधिकारी को राजभाषा के सभी पहलुओं पर जैसा भी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा पदोन्नति के पहले/बाद में एक वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 6 सप्ताह का आवश्यक संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। **सीधी भर्ती:** (क) इस पद के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा लिखित परीक्षा तथा उसके पश्चात् साक्षात्कार लेकर इन नियमों की अनुसूची-5 में की गई व्यवस्था के अनुरूप आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा स्कीम तथा समय-समय पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापनों के अनुसार किया जाएगा। (ख) अनुसूची -5 में दिए गए नियमानुसार सहायक निदेशक के पद पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव प्राप्त होना चाहिए।	
5	श्रेणी-5 (वरिष्ठ अनुवादक)	प्रोन्नति द्वारा	चयन	ऐसा कनिष्ठ अनुवादक जिसने उस श्रेणी में पे बैंड 2, रू. 9300-34,800 के साथ ग्रेड पे रू.4200 में तीन वर्ष नियमित सेवा की हो। **नोट:** पदोन्नति के लिए विचाराधीन अधिकारी को राजभाषा के सभी पहलुओं पर जैसा भी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा पदोन्नति के पहले/बाद में एक वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 6 सप्ताह का आवश्यक संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।	लागू नहीं
6	श्रेणी-6 (कनिष्ठ अनुवादक	सीधी भर्ती	चयन	सीधी भर्ती द्वारा। पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेगी, अर्थात:-	लागू नहीं

				(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं : या (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में पे बैंड-2, रू. 5200-20200 के साथ रू. 2800 ग्रेड पे में या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में 6 वर्ष की सेवा की हो; और (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में पे बैंड-2, रू. 5200-20200 के साथ रू. 2400 ग्रेड पे में या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर 10 वर्ष की सेवा की हो तथा जिनके पास अनुसूची-7 में यथानिर्धारित सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हो।	

नोट 1: जिन मामलों में जहां अर्हक या पात्रता सेवा पूरी करने वाले कनिष्ठों की पदोन्नति की गई हो या किए जाने पर विचार किया जा रहा हो, उन मामलों में उनके वरिष्ठों पर भी विचार किया जाएगा बशर्ते उनकी अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा में ऐसी अर्हता या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, की कमी न हो, और उन्होंने अपने उन कनिष्ठों जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति हेतु उनकी परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

नोट 2: पदोन्नति के लिए न्युनतम अर्हक सेवा की गणना के प्रयोजनार्थ, दिनांक 01 जनवरी, 2006 या उस तिथि को, जब से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर संशोधित वेतन संरचना लागू हुई, किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर दिए गए संगत ग्रेड वेतन/वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा।

नोट 3: जहां अर्हक या पात्रता सेवा पूरी करने वाले कनिष्ठों की पदोन्नति की गई हो या किए जाने पर विचार किया जा रहा हो, उन मामलों में उनके वरिष्ठों पर भी विचार किया जाएगा बशर्ते उनकी अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा में ऐसी अर्हता या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, की कमी न हो, और उन्होंने अपने उन कनिष्ठों जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, के साथ अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति हेतु उनकी परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

नोट 4: फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी, जो सीधी पदोन्नति की लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

नोट 5: केन्द्रीय सरकार के समान या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन्हीं ग्रेडों में नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

नोट 6: प्रतिनियुक्ति के लिए नियुक्ति हेतु न्युनतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

नोट 7: प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनार्थ, दिनांक 01 जनवरी, 2006 या उस तिथि को, जब से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर संशोधित वेतन संरचना लागू हुई, किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर दिए गए संगत ग्रेड वेतन/वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, सिवाय उस स्थिति के जहां एक से अधिक संशोधन पूर्व वेतनमानों का समान ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में विलय हुआ हो, और जहां यह लाभ मात्र उस पद (उन पदों) के लिए दिया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।

अनुसूची-4

(नियम 7 (3) देखिए

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) के विभिन्न पदों पर प्रोन्नति और पुष्टि के मामलों पर विचार करने के लिए विभागीय समितियों की संरचना।

क्र.सं.	पद का नाम	प्रोन्नति पर विचार करने के लिए विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना	पुष्टि पर विचार करने के लिए विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना
1	2	3	4
1	श्रेणी 1 (निदेशक)	(1) अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग -अध्यक्ष (2) सचिव (राजभाषा) -सदस्य (3) संयुक्त सचिव (राजभाषा) -सदस्य	लागू नहीं
2	श्रेणी 2 (संयुक्त निदेशक)	(1) अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग -अध्यक्ष (2) सचिव (राजभाषा) -सदस्य (3) संयुक्त सचिव (राजभाषा) -सदस्य	लागू नहीं
3	श्रेणी 3 (उप निदेशक)	(1) सचिव (राजभाषा) -अध्यक्ष (2) संयुक्त सचिव (राजभाषा) -सदस्य (3) निदेशक या उपसचिव (सेवा) -सदस्य	लागू नहीं
4	श्रेणी 4 (सहायक निदेशक)	(1) अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग -अध्यक्ष (2) संयुक्त सचिव (राजभाषा) -सदस्य (3) निदेशक/उप निदेशक सेवाएं (राजभाषा) -सदस्य	(1) संयुक्त सचिव (राजभाषा) - अध्यक्ष (2) निदेशक/ उप सचिव (सेवा) (राजभाषा) - सदस्य (3) राजभाषा विभाग का निदेशक/उप सचिव स्तर का अधिकारी –सदस्य
5	श्रेणी 5 (वरिष्ठ अनुवादक)	(1) संयुक्त सचिव (राजभाषा) -अध्यक्ष (2) निदेशक/ उप सचिव (सेवा) (राजभाषा) -सदस्य (3) राजभाषा विभाग का निदेशक/ उप सचिव स्तर का अधिकारी -सदस्य	लागू नहीं
6	श्रेणी 5 (कनिष्ठ अनुवादक)	लागू नहीं	(1) संयुक्त सचिव (राजभाषा) - अध्यक्ष (2) निदेशक/ उप सचिव (सेवा) (राजभाषा) -सदस्य (3) राजभाषा विभाग का निदेशक/ उप सचिव - सदस्य स्तर का अधिकारी

नोट : अध्यक्ष या संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के अलावा किसी सदस्य की अनुपस्थिति से इस समिति की कार्यवाही अवैध नहीं होगी बशर्ते कि इस समिति के आधे से अधिक सदस्य बैठक में उपस्थित हुए हों।

अनुसूची-5

[नियम 7 (4) देखें]

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' पदों) की श्रेणी-4 (सहायक निदेशक) में सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता और अन्य अर्हताएं, अनुभव तथा आयु-सीमा

(**क**) आयु-सीमा-35 वर्ष से अनधिक (सरकारी सेवकों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के अनुसार 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है)।

टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन में दी गई तारीख होगी।

(**ख**) शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव

आवश्यक शैक्षिक योग्यता :

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिन्दी में मास्टर डिग्री या समतुल्य;

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिन्दी विषय के साथ अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या समतुल्य;

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी विषयों के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य;

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी माध्यम से और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य;

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से और डिग्री स्तर पर हिन्दी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य;

और

(ii) हिन्दी में शब्दावली (शब्दावली कार्य) प्रयुक्त करने/अनुप्रयोग करने का और अंग्रेजी से हिन्दी में अथवा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का 3 वर्ष का अनुभव, जिसमें तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य संबंधी कार्य एवं हिन्दी और अंग्रेजी में अध्यापन या हिन्दी और अंग्रेजी में अनुसंधान का 3 वर्ष के अनुभव को अधिमानता दी जाएगी।

वांछनीय : (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड के मैट्रिक या समतुल्य स्तर पर हिन्दी से भिन्न संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा का ज्ञान।

(ii)किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से हिन्दी से अंग्रेजी में और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में डिग्री/डिप्लोमा या समतुल्य या केन्द्र या राज्य सरकार तथा भारत सरकार के उपक्रमों में हिन्दी से अंग्रेजी एवं विलोमत: अनुवाद करने का दो वर्ष का अनुभव।

टिप्पण 1: अर्हताएं,अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।

टिप्पण 2: अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

अनुसूची 6

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'क' और समूह 'ख' पदों) की विभिन्न श्रेणियों में नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करने की परिस्थितियां)

क्र.सं.	पद का नाम	पे बैंड तथा ग्रेड पे/वेतनमान	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करने की परिस्थितियां
1.	श्रेणी 1 (निदेशक)	पे बैंड 4, रू. 37,400-67,000 रू. तथा ग्रेड पे रू. 8,700	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।
2.	श्रेणी 2 (संयुक्त निदेशक)	पे बैंड 3, रू.15,600-39,100 रू. तथा ग्रेड पे रू.7,600	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।
3.	श्रेणी 3 (उप निदेशक)	पे बैंड 3, रू.15,600-39,100 रू. तथा ग्रेड पे रू.6,600	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।
4.	श्रेणी 4 (सहायक निदेशक)	पे बैंड 3, रू.15,600-39,100 रू. तथा ग्रेड पे रू.5,400	सीधी भर्ती करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।
5.	श्रेणी 5 (वरिष्ठ अनुवादक)	पे बैंड 2, रू. 9,300-34,800 रू. तथा ग्रेड पे रू.4,600	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।
6.	श्रेणी 6 (कनिष्ठ अनुवादक)	पे बैंड 2, रू. 9,300-34,800 रू. तथा ग्रेड पे रू. 4,200	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

अनुसूची-7

[नियम 7(5) देखें]

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (समूह 'ख' पदों) की श्रेणी-6 (कनिष्ठ अनुवादक) में सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता और अन्य अर्हताएं, अनुभव तथा आयु-सीमा

(क) आयु-सीमा 30 वर्ष से अनधिक (सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है)

टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापित तिथि होगी।

शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव :

(I)आवश्यक शैक्षिक अर्हताएं :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में परीक्षा के रूप में अंग्रेजी या हिन्दी विषय के साथ हिन्दी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री।

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या डिग्री स्तर पर परीक्षा के माध्यम रूप में अंग्रेजी या हिन्दी विषय के साथ हिन्दी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री।

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिन्दी या अंग्रेजी परीक्षा के रूप में उनमें से किसी विषय और अन्य विषय अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिन्दी या अंग्रेजी से भिन्न किसी विषय में मास्टर डिग्री।

और

(II) अनुभव :-

हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा/प्रमाणपत्र या केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों सहित भारत सरकार के उपक्रम में हिन्दी से अंग्रेजी में या अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

(ख) वांछनीय : (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड के मैट्रिक या समतुल्य स्तर पर हिन्दी से भिन्न संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा का ज्ञान।

(ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान तथा विश्वविद्यालय से हिन्दी से अंग्रेजी में और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों सहित भारत सरकार के उपक्रमों में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

टिप्पण 1: अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है।

टिप्पण 2: अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर कर्मचारी चयन आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

[फा.सं. 1/1/2009-रा.भा. (सेवा)]

पूनम जुनेजा, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Official Language)

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st May, 2015

G.S.R. 368(E). – In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 and in supersession of the Central Secretariat Official Language Service (Groups 'A' and 'B' Posts) Rules, 2006, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.-**

(1) These rules may be called the Central Secretariat Official Language Service (Group 'A' and Group 'B' Posts) Recruitment Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- In these rules, unless the context otherwise requires,-

(i) "Commission" means the Union Public Service Commission for Assistant

Directors and Staff Selection Commission for Junior Translators;

(ii) "Controlling Authority" means the Government of India in the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language;

(iii) "duty post" means any post in the Service, whether permanent or temporary, and specified in Schedule I ;

(iv) "Government" means the Government of India;

(v) "grade" means a grade of the Service;

(vi) "Schedule" means a schedule annexed to these rules;

(vii) "Scheduled Castes" and "Scheduled Tribes" shall have the same meaning as are assigned to them respectively in clauses (24) and (25) of article 366 of the Constitution;

(viii) "Service" means the Central Secretariat Official Language Service (Groups 'A' and 'B' posts) constituted under rule 3.

(ix) "regular service" in relation to any grade means the period of service in that grade, rendered after selection in accordance with these rules and includes any period during which an officer would have held a duty post in that grade but for his being on leave or otherwise not being available for holding such post;

3. Constitution of the Central Secretariat Official Language Service (Group 'A' and Group 'B' Posts) – (1) There shall be constituted a Service to be known as the Central Secretariat Official Language Service (Group 'A' and Group 'B' Posts) consisting of persons appointed to the Service under rules 6 and 7.

(2) These posts shall be ministerial.

(3) The classification of posts included in the Service shall be as specified in Schedule I.

4. Grades, authorized strength and its review.- (1) The duty posts included in the various grades of the Service, their numbers and pay band and grade pay shall be as specified in Schedule -I.

(2) The break-up of the duty posts included in the Service and the names of the participating Ministries or Departments or Organizations in which these posts exist shall be as specified in Schedule -II.

(3) The Government may include in the Service any post other than those included in Schedule -II or exclude from the Service a post included in the said Schedule.

5. Members of the Service.- The following shall be the members of Service-

(a) persons appointed to duty posts under rule 6;

(b) persons appointed to duty posts under rule 7.

6. Initial constitution of the service.- (1) The persons holding Group 'A' or Group 'B' duty post in the Central Secretariat Official Language Service on the date of commencement of these rules, shall be member of the Service in the respective grades.

(2) The regular continuous service of a person referred to in sub-rule (1) prior to the commencement of these rules shall count for the purposes of probation, qualifying service for promotion, confirmation and pension.

(3) To the extent the Controlling Authority is not able to fill the authorized strength of the various grades in accordance with the provisions of this rule, the same shall be filled in accordance with the provisions of rule 7.

7. Future maintenance of the Service.- (1) The vacant posts in any of the grades referred to in Schedule I and Schedule II after the initial constitution of the Service under rule 6, shall be filled in the manner specified in this rule.

(2) The method of recruitment, field of selection, minimum qualifying service in the next lower grade and other eligibility conditions for appointment to the various grades of the Service shall be as specified in Schedule III.

(3) The suitability of candidates for appointment to the various grades by promotion shall be determined by the Departmental Promotion Committees constituted by the Controlling Authority in the manner specified in Schedule IV.

(4) The educational and other qualifications, experience and age limit for appointment by direct recruitment to Grade IV (Assistant Director) and Grade VI (Junior Translators) of the Service shall be as specified in Schedule V and Schedule - VII respectively .

8. Seniority.- (1) The seniority of the persons recruited to the Service shall be determined in accordance with the general instructions issued by Government in the matter from time to time.

(2) In cases not covered by sub-rule (1) the seniority shall be determined by the Government in consultation with the Union Public Service Commission.

9. Probation.- (1) Every person appointed to the Service in Junior Translator's grade by direct recruitment or in Assistant Director either by direct recruitment or by promotion from Senior Translators grade shall be on probation for a period of two years and one year respectively.

Provided that the Controlling Authority may extend the period of probation in accordance with the instructions issued by the Government on their behalf from time to time:

